भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
16.03.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2362 का उत्तर

केरल में पालक्काड मंडल के अंतर्गत रेल लाइनें

2362. डॉ. एम.पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार निलंबूर स्टेशन का उन्नयन करने के लिए केरल में पालक्काड मंडल के अंतर्गत निलंबूर षोरणूर रेल लाइन में विकास कार्यों की आवश्यकता से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार की ऐसे विकासात्मक कार्यकलापों को शुरू करने की योजना है जिसमें ट्रैक दोहरीकरण, विद्युतीकरण, प्लेटफॉर्म को लंबा करना आदि शामिल है;

(ग) हाल के वर्षों में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार की इस परियोजना को जल्द से जल्द कार्यान्वित करने की योजना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेलों पर स्टेशनों का अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण/सौंदर्यकरण सतत और चालू प्रक्रिया है। हाल ही में पालक्काड मंडल के अंतर्गत निलंबूर-षोरणूर लाइन पर पड़ने वाले स्टेशनों में विभिन्न विकास कार्य किए गए हैं। इसमें वल्लपुषा स्टेशन पर प्लेटफार्म सं. 1 और अंगाडिप्पुरम स्टेशन पर प्लेटफार्म सं. 2/3 का विस्तार और ऊंचा करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, निलंबूर रोड स्टेशन पर प्लेटफार्म सं. 2 और वाणियम्बलम स्टेशन

पर प्लेटफार्म सं. 2 की सतह को ऊंचा करने का कार्य भी किया गया है। साथ ही, अंगाडिप्पुरम और वाणियम्बलम रेलवे स्टेशनों पर पैदल ऊपरी पुलों की भी व्यवस्था की गई है।

निलंबूर-षोरणूर रेलवे लाइन के विद्युतीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, रेलवे की परिचालनिक आवश्यकता के अनुसार दोहरीकरण कार्य शुरू किए जाते हैं। इस समय, षोरणूर-निलंबूर रेल लाइन का दोहरीकरण विचाराधीन नहीं है।

*****